फूड इम्पोर्ट रजिकेशन अलर्ट (FIRA)

[स्रोत: लाइवमिंट]

हाल ही में [भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण (FSSAI)] ने भारतीय सीमाओं पर खाद्य आयात अस्वीकृतियों की सूचना खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को देने के लिये **खाद्य आयात अस्वीकृति चेतावनी (FIRA) नामक** एक ऑनलाइन पोर्टल **विकसित किया है।**

- **FIRA:**
  - FIRA को नई दिल्ली में FSSAI द्वारा आयोजित **वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन, 2024** के दूसरे संस्करण **के दौरान शुरू किया गया।**
    - **वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन, 2024 का** उद्देश्य खाद्य नियामकों के लिये एक वैश्विक मंच स्थापित करना है ताकि ये संपूर्ण खाद्य मूल्य शृंखला में खाद्य सुरक्षा प्रणालियों तथा नियामक ढाँचे को मज़बूत करने के क्रम में विचारों का आदान-प्रदान कर सकें।
  - इसमें एक **इंटरैक्टिव ऑनलाइन इंटरफेस को** त्वरित सूचना प्रसार हेतु डिज़ाइन किया गया है जिसका उद्देश्य ऐसे मामलों में पारदर्शिता को बढ़ाना है।
- **FSSAI:**
  - यह **खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के** तहत स्थापित एक **स्वायत्त वैधानिक निकाय है।**
  - **यह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय** के अधीन कार्य करते हुए भारत में खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता को विनियमित एवं पर्यवेक्षित करने के माध्यम से **लोक स्वास्थ्य की रक्षा तथा संवर्द्धन** में भूमिका निभाता है।

और पढ़ें: [FSSAI द्वारा खाद्य सुरक्षा विनियमों को सुव्यवस्थित करने पर विचार]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/food-import-rejection-alert-fira